**-:प्रेस नोट:-**

**दिनांक- 30.08.2025**

# कार्यालय पुलिस अधीक्षक बांदा

- **थाना मटौंध पुलिस की तत्परता से केन नदी पुल से कूदकर आत्महत्या करने का प्रयास करने वाली लडकी की बची जान।**

**विवरण-** आज दिनांक 30.08.2025 को थाना कोतवाली नगर क्षेत्र के मर्दन नाका की रहने वाली एक किशोरी केन नदी पुल से आत्महत्या करने के लिए कूद रही थी। सूचना पर थाना मटौंध पुलिस द्वारा तत्काल स्थानीय लोगों की मदद से सकुशल बचा लिया गया। पुलिस द्वारा लडकी के परिजनों को बुलाया गया तो परिजनों द्वारा बताया गया कि उनकी लडकी नाराज होकर घर से चली गई थी। पुलिस द्वारा लडकी को समझाया गया आगे से भविष्य में आत्महत्या संबंधी विचार अपने मन में न लाएं किसी प्रकार की समस्या हो तत्काल पुलिस सूचना दें। पुलिस आपकी हर संभव मदद करेगी। परिजनों ने पुलिस टीम को हृदय से धन्यवाद दिया।

**टीम का विवरण-**

1. चौकी प्रभारी भूरागढ़ श्री दारा सिंह
2. कां0 अश्वनी कुमार
3. कां0 आशुतोष